भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1593

28 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

विषय- यूरिया की कमी

1593. श्री सुनील कुमारः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि बिहार के पश्चिम चम्पारण जिले सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में खरीफ सीजन के दौरान किसानों को यूरिया की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे धान और अन्य फसलों की खेती प्रभावित हो रही है;

(ख) यदि हाँ, तो गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पश्चिम चम्पारण जिले तथा बिहार राज्य के लिए यूरिया के माह-वार आवंटन, आपूर्ति और वास्तविक उठान का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार पश्चिम चम्पारण जिले के लिए यूरिया का अतिरिक्त आवंटन करने और मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में इसकी समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने का है; और

(घ) यदि हाँ, तो अब तक उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में प्रस्तावित कार्ययोजना क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): बिहार राज्य सरकार ने सूचित किया है कि खरीफ सीजन 2026 के दौरान पश्चिम चंपारण जिले सहित बिहार के किसी भी जिले से यूरिया की कोई कमी नहीं पाई गई है। 4,19,516 मीट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता के मुकाबले, राज्य को दिनांक 21.07.2026 तक 4,80,941 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ है, जो आवश्यकता का 115% है।

(ख): गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पश्चिम चंपारण जिले और बिहार राज्य के लिए यूरिया के माह-वार आवंटन, उपलब्धता (आपूर्ति + प्रारंभिक स्टॉक) और वास्तविक उठान (बिक्री) का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ग) एवं (घ): बिहार सरकार ने सूचित किया है कि पश्चिम चंपारण जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। संबंधित जिले में फसल कवरेज के आधार पर उर्वरक की मांग/आवश्यकता का आकलन किया जाता है और तदनुसार, मासिक आपूर्ति योजना तैयार करके प्रत्येक जिले को उर्वरक की आपूर्ति की जाती है।

अनुबंध 1

गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पश्चिम चंपारण जिले और बिहार राज्य के लिए यूरिया के माह-वार आवंटन, उपलब्धता (आपूर्ति + प्रारंभिक स्टॉक) और वास्तविक उठान (बिक्री) का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

इकाई मीट्रिक टन में

वर्ष	मौसम	माह	बिहार राज्य			पश्चिम चंपारण		
			आवंटन	उपलब्धता	बिक्री	आवंटन	उपलब्धता	बिक्री
2023-24	खरीफ	अप्रैल	55000	231986	54415	3910	15800	7061
		मई	55000	107645	66751	3910	3719	11511
		जून	115000	126437	89610	8275	2993	8280
		जुलाई	250000	193959	195340	9660	10574	13628
		अगस्त	275000	210132	336895	11045	12735	7754
		सितम्बर	237500	212634	219145	9200	9427	3494
		कुल	987500	1086338	962155	46000	55252	51727
	रबी	अक्टूबर	210000	168650	115547	10080	7305	1535
		नवम्बर	250000	244629	200329	11874	6231	3555
		दिसम्बर	335000	282737	361109	14754	10231	10439
		जनवरी	240000	278935	305778	6305	6884	8848
		फ़रवरी	150000	219025	248507	3397	6390	6314
		मार्च	90000	198500	130295	1589	8859	5088
		कुल	1275000	1401211	1361565	48000	45904	35779
2024-25	खरीफ	अप्रैल	55000	167977	42062	3910	11190	4203
		मई	55000	118005	47903	3910	10034	11771
		जून	115000	85936	58720	8275	4743	11250
		जुलाई	250000	196832	176145	9660	14069	16477
		अगस्त	275000	189445	417877	11045	10118	13643
		सितम्बर	237000	219675	298222	9200	7373	6365
		कुल	987000	986724	1040930	46000	57547	63709
	रबी	अक्टूबर	200000	192274	90024	9400	3795	1589
		नवम्बर	255000	214282	188687	11627	6992	3909
		दिसम्बर	340000	241752	423232	14447	7219	12297
		जनवरी	245000	269563	409284	6174	3463	14916
		फ़रवरी	170000	214624	251428	4266	7932	8470
		मार्च	90000	231088	156059	1086	10574	6407
		कुल	1300000	1376441	1518714	47000	41631	47589

2025-26	खरीफ	अप्रैल	60000	130581	41996	4465	11689	4785
		मई	60000	94348	43882	4465	8799	10073
		जून	120000	118177	75413	8455	6481	13258
		जुलाई	260000	194786	244326	9593	8352	17170
		अगस्त	285000	230290	428484	10810	13905	15397
		सितम्बर	247000	274494	240258	9212	10582	7261
		कुल	1032000	1046667	1074359	47000	59813	67944
	रबी	अक्टूबर	210000	231097	83067	9600	7214	1061
		नवम्बर	265000	209801	202806	11874	6627	4254
		दिसम्बर	350000	288849	406214	14754	8684	13058
		जनवरी	255000	326478	372569	6405	13903	14356
		फ़रवरी	175000	290284	248044	4257	9706	7753
		मार्च	95000	217865	146399	1109	10800	6546
		कुल	1350000	1569905	1459101	48000	56953	47026
2026	खरीफ	**माह**	**आवंटन**	**आपूर्ति**	**बिक्री**	**आवंटन**	**आपूर्ति**	**बिक्री**
		अप्रैल	60000	90691	51374	4646	3714	4767
		मई	60000	98961	51846	4646	7986	9026
		जून	120000	141737	85498	8741	7235	9995
		जुलाई (दिनांक 21.07.2026 तक)	179516	149552	108805	7051	9771	10496
		कुल	**419516**	**480941**	**297523**	**25084**	**28706**	**34285**

*****